7 से 21 फरवरी, 2023

टेक्सटाइल वर्ल्ड

GRAVIERA
ULTRA COLOURS
FINEST SUITINGS & SHIRTINGS



# GRAVIERA एक बार फिर बुलंदियों की ओर अग्रसर

**दार्जिलिंग में भव्य डीलर्स कॉन्फ्रेंस उत्साह से सम्पन्न**

**दार्जिलिंग** / लगभग 40 वर्ष पूर्व वस्त्र बाजार पर राज करने वाला ब्राण्ड ग्रेवियरा एक बार फिर अपनी नई अल्ट्रा फैशनेबल टीआर कलर रेंज के दम पर आगे बढ़ रहा है। विदित रहे कि डोनियर ग्रुप ने 5 वर्ष पूर्व आदित्य बिरला ग्रुप से ग्रेवियरा ब्राण्ड का अधिग्रहण कर वस्त्र बाजार में अपनी और मजबूत स्थिति बनाई थी, लेकिन निरन्तर उतार चढ़ाव के इस दौर में ग्रेवियरा ब्राण्ड अड़िग रहा और विगत कुछ समय में ही ग्रेवियरा ब्राण्ड के बिजनेस हैड श्री संजय श्रीवास्तव ने दार्जिलिंग में कॉन्फ्रेंस कर यह साबित कर दिया कि यह ब्राण्ड एक बार फिर कुछ कर दिखाने को आतुर है।

पिछले 2 वर्षों में श्री श्रीवास्तव ने इस ब्राण्ड में काफी बदलाव करते हुए अपनी टीम के साथ इसकी संपूर्ण रेंज, डिजाइंस, पैटर्न में नयापन ला कर इसे मजबूती के साथ बाजार में उतारा और मार्केट के सहयोग से निरंतर इसकी सभी क्वालिटियों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

कम्पनी के **बिजनेस हेड श्री संजय श्रीवास्तव** ने बताया कि इन दो वर्षो की मेहनत और पूरी टीम की लगन को देखते हुए कम्पनी ने 9 से 12 जनवरी 2023 को दार्जिलिंग के इस्टाना रिसोर्ट में ऑल इण्डिया डीलर कॉन्फ्रेंस का जबरदस्त आयोजन किया। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ श्री संजय श्रीवास्तव सेल्स हैड विनित पारीक एवं सेल्स व मार्केटिंग टीम के साथ भारत के तमाम प्रांतों से पधारे टॉप डीलर्स एवं रिटेलर्स की उपस्थिति में किया गया।

## रेंज देखकर व्यापारी हुए मंत्रमुग्ध

इस भव्य कॉन्फ्रेंस में ग्रेवियरा ब्राण्ड ने भारत की तमाम मण्डियों में अपनी उपस्थिति दर्शाने के लिए प्रॉडक्शन टीम के साथ जुड़कर इनकी जबरदस्त बुकिंग भी कराई। नये डवलपमेण्ट पर तैयारी की है इसी का परिणाम अपनी नई रेंज अल्ट्रा फैशनेबल टीआर कलर रेंज बाजार में पेश की हैं। जिसे देखकर व्यापारियों ने इस प्रॉडक्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कॉन्फ्रेंस में फेशनेबल टीआर के लगभग 40 नये अनोखे अल्ट्रा कलर्स लॉन्च किए गये जिसे देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गये। इसके अलावा कंपनी द्वारा एथेनिक, लाइक्रा, जैकार्ड एवं ट्विल बेस की डिजाइन्स के साथ-साथ अपनी रेगुलर जोड़ी पैकिंग एवं सफारी रेंज के साथ 200 क्वालिटियों को भी प्रदर्शित किया, जो व्यापारियों को खूब पसंद आए।

## कैटलॉग की भव्य लॉन्चिंग

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा अल्ट्रा फैशनेबल टीआर कलर रेंज की कैटलॉग का अनावरण सबसे पुराने एवं सम्मानीय डीलर श्री विनोद कुमार जैन व ग्रेवियरा ब्राण्ड के टॉप रिटेलर मेरठ के श्री संदीप गोयल के हाथों से लॉन्च की गई। इस कैटलॉग में सभी वाइब्रेंट कलर की विस्तृत वस्त्र श्रंखला व्यापारियों के समक्ष रखी, जिसे देखकर व्यापारियों ने कहा कि यह सभी कलर नये है व मार्केट में ख़ूब चलेंगे। यह आगामी वैवाहिक एवं त्यौहारी सीजन के लिए आकर्षक हैं, जो हमारे व्यापार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इस लॉन्चिंग के दौरान सबसे आकर्षण का केंद्र ग्रेवियरा ब्राण्ड की संपूर्ण टीम थी। जिन्होंने इन कलर्स के जैकेट पहने हुए थे, जो वाकई में बहुत खूबसूरत लग रहे थे।

## फैशन शो रहा आकर्षण का केंद्र

कॉन्फ्रेंस में ग्रेवियरा ब्राण्ड के बिजनेस हेड श्री श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ अल्ट्रा फैशनेबल कलर रेंज के परिधान पहनकर फैशन शो किया जिसे देखकर व्यापारियों ने स्वयं भी फैशन शो करने की इच्छा जताई। यह जानकर श्री श्रीवास्तव व मार्केटिंग मैनेजर श्री राहुल गौड़ द्वारा महज थोड़ी सी देर में ही तैयारी कर 7 कपल्स का फैशन शो कराकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। व्यापारियों ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में फैशन शो का हिस्सा बनकर हमें बहुत अच्छा महसूस हुआ है ऐसा लगता है कि ग्रेवियरा ब्राण्ड अब पीछे रहने वाला नहीं है। यह एक बार फिर भारत का नामचीन ब्राण्ड बनने के दहलीज पर वापस आ खड़ा हुआ।

**अल्ट्रा फैशनेबल टीआर कलर रेंज देखकर व्यापारी हुए मंत्रमुग्ध**

## आभार एवं धन्यवाद

इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी व्यापारियों ने ग्रेवियरा ब्राण्ड पर विश्वास जताते हुए इस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। हम प्रतिबद्ध हैं कि फैब्रिक की गुणवत्ता और हर बार बाजार में नयापन लाने की सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। इस कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने एवं जबरदस्त बुकिंग कराने के लिए सभी को इस ब्राण्ड की ओर से धन्यवाद दिया।



सबसे पहले कहना चाहता हूं कि हमारा जो मार्केट में नाम है, वह सिर्फ ग्रेवियरा की वजह से है। अप और डाउन चलता रहता है, लेकिन अब यह ब्राण्ड जो ग्रोथ कर रहा है वह काबिले तारीफ है। यह ब्राण्ड मार्केट में हमेशा अडिग रहकर अपनी क्वालिटी, अपने ट्रेडीशन साथ ही व्यापारियों में अपनी व्यवहार कुशलता के लिए जाना जाता है। व्यापारियों के सुझाव पर बहुत जल्दी ध्यान दिया जाना एक अनोखा उदाहरण है। जब ग्रेवियरा ब्राण्ड आदित्य बिरला के पास था, तब अच्छा था और आज डोनियर ग्रुप के पास बहुत अच्छा है। अब यह ब्राण्ड वापस उसी लय और ताल के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे बचपन में पिताजी ग्रेवियरा का कार्य करते थे, हम देखते थे कि इसके टॉप मेनेजमेंट से लेकर डाउन टीम तक हमें बहुत इज्जत मिली, और आज भी मिल रही है। आज काफी समय बाद दार्जिलिंग कॉन्फ्रेंस में सपरिवार आया तो लगा कि यह वही ब्राण्ड है, जो पहले हुआ करता था। जब भी ग्रेवियरा का नाम आता है हम खींचे चले आते हैं। इनकी इसी मोहब्बत एवं प्यार के कई मायने हैं हमारे लिए।

प्रोडक्ट डेवलपमेंट पर चर्चा में बताया कि यहां लांच की गई अल्ट्रा टीआर कलर रेंज बहुत शानदार थी। अब लगता है कि वापस यह ब्राण्ड आगे की ओर अपना रुख कर चुका है।

मेरी यही कामना है कि यह ब्राण्ड निरंतर आगे बढ़ता रहे, हमारा सहयोग इन्हें हमेशा मिलता रहेगा। डोनियर ग्रुप को बधाई देता हूं। साथ ही ग्रेवियरा के ब्राण्ड हेड श्री श्रीवास्तव जी, सेल्स हैड श्री विनित पारीक एवं पूरी टीम का धन्यवाद करता हूं। वे इसी प्रकार कॉन्फ्रेंस करते रहें, ताकि हमें यहां आकर आनंद के साथ नई रेंज देखने और बुकिंग करने का मौका मिल सके।

**श्री विनोद कुमार जैन,** मेन्टेक्स, हैदराबाद



महज 1 वर्ष पूर्व ग्रेवियरा ब्राण्ड के साथ जुड़ा हूं लेकिन यहां आने पर देखा कि कंपनी द्वारा नई अल्ट्रा कलर टीआर फैब्रिक बहुत ही शानदार है। इसकी विस्तृत कलर रेंज बहुत ही सुन्दर है, जो आगामी सीजन के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। मेरे साथ आए सभी रिटेलर्स ने इसकी जबरदस्त बुकिंग भी कराई। इनका व्यवहार बहुत अच्छा लगा जैसे हम एक ही परिवार का हिस्सा हो।

**श्री नरेन्द्र कुमार,** ममता क्लॉथ हाउस, मुजफ्फरनगर



लगभग 45 वर्षों से ग्रेवियरा ब्राण्ड के साथ जुड़ा हुआ हूँ। अब तक जितनी भी कॉन्फ्रेंस में गया हूँ, सबसे अच्छी यह थी। इसकी फैब्रिक रेंज, क्वालिटी एवं डिजाइन्स बेहद ही सुन्दर थे। मेरा अनुरोध है कि कम्पनी हमेशा अपनी रेंज में बढ़ोतरी करती रहे, ताकि मार्केट के साथ हमारे इस ब्रांड की ग्रोथ होती रहे। कम्पनी द्वारा आयोजित फैशन शो में सपत्नीक हिस्सा बनने का मौका मिला, जो बहुत ही शानदार अनुभव था। उनकी पत्नी ने बताया कि पहली बार फैशन शो किया, जो बहुत शानदार अनुभव था। मैं पहली बार किसी ब्राण्ड की कॉन्फ्रेंस में आई हूँ, बहुत एन्जॉय किया और ऐसा लगा कि अब हर बार ग्रेवियरा की कॉन्फ्रेंस में आएँ और आनन्द लें।

**श्री राकेश पारिख,** जे.के. टेक्सटाइल, अहमदाबाद



लगभग 12/ 13 वर्षों से इस ब्राण्ड के साथ जुड़ा हुआ हूँ। दार्जिलिंग कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा लॉन्च की गई कैटलॉग, कलर रेंज, डिजाइन्स बहुत पसंद आई। ग्रेवियरा द्वारा काफी समय बाद इस प्रकार की भव्य कॉन्फ्रेंस की गई। इसकी संपूर्ण व्यवस्था बहुत ही शानदार थी। हमने काफी आनंद लिया, विशेषकर सपत्नीक फैशन शो करने का मौका मिला, जो एक यादगार पल महसूस हुआ। कंपनी की सेल्स टीम एवं श्री श्रीवास्तव जी को हम अपने परिवार की तरह मानते हैं। मेरी पत्नी ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में बहुत सारे नए मित्र भी बने और खूब आनंद भी लिया। हमारी गुजराती भाषा में बोलते हैं कि ''मजो पडिगयो'' वाकई में अद्भुत कॉन्फ्रेंस।

**श्री सुनील पटेल,** न्यू रिजेंसी एंटरप्राइजेज, सूरत


PRESENTING
GRAVIERA ULTRA COLOURS
in ULTRA FASHIONABLE TR RANGE
for the young & discerning
NOW WALK THE TALK, IN COLOURS
GRAVIERA®
ULTRA COLOURS
FINEST SUITINGS & SHIRTINGS
Follow us on: /GravieraFabrics
FOR TRADE ENQUIRY CONTACT: Vineet Pareek - +91 9414046695 | Email:- vinit.pareek@donear.com